**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
**उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : जनसंचार**
**पाठ-10 : रेडियो स्टेशन**
**कार्यपत्रक -10**

1. रेडियो स्टेशन से कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है और इसके तीन मुख्य भाग होते हैं। इन भागों के नाम देते हुए रेडियो स्टुडियो का वर्णन विस्तार से करें।

2. रेडियो स्टेशन के मुख्य तकनीकी क्षेत्रों में नियंत्रण कक्ष विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। नियंत्रण कक्ष के दो मुख्य कार्यों का वर्णन करें।

3. रेडियो कार्यक्रमों का प्रसारण ट्रांसमीटर से किया जाता है। ट्रांसमीटर के किंही दो प्रकारों के नाम देते हुएकिसी एक का विस्तार से वर्णन करें।

4. रेडियो स्टेशन संचालन के लिए विविध प्रशिक्षित कार्मिक ज़िम्मेवार होते हैं । किन्हीं पाँच कार्मिक के नामों का उल्लेख करते हुएइनका वर्णन करें।

5. भारत में रेडियो प्रसारण का इतिहास बहुत पुराना है। आकाशवाणी प्रसारण सेवा कैसे काम करती है उसका विस्तार से वर्णन करें।

6. एफ.एमरेडियो क्या है? आकाशवाणी और निजी एफ.एम रेडियो स्टेशन के नाम देते हुएइनका तुलनात्मक वर्णन करें।

7. अपने क्षेत्र में किसी एफएम रेडियो को ट्यून करें और दस कार्यक्रमों को सुनें। इन कार्यक्रमों का वर्णन अपने शब्दों में करें।

8. रेडियो प्रसारण में किसी उद्घोषक के प्रदर्शन में भाषा का बहुत महत्व होता है। रेडियो प्रसारण में भाषाओं के महत्व पर एक लेख लिखें।

9. सामुदायिक रेडियो से आप क्या समझते हैं । एनआईओएस के सामुदायिक रेडियो -रेडियो वाहिनी के प्रसारणको www.nios.ac.inपर सुनें और इस पर एक लेख लिखें।

10. 'आकाशवाणी विश्व के सबसे बड़े प्रसारण व्यवस्थापन में से एक है'। इस कथन पर अपने विचार लिखें।